खास-खबरें

सौजन्य भेंट

भोपालः राजधानी प्रवास के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर से पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच धार्मिक, सामाजिक और समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन

भोपालः राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रणाली को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बनाई गई है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन प्रणाली लागू की गई है। यह प्रणाली प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल तरीके से संचालित करेगी।

एसीएस स्वास्थ्य की अध्यक्षता में समिति गठित

भोपालः राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श कर योजना को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य सदस्य-सचिव होंगे। समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक तत्वों जैसे पात्रता, कवरेज, वित्तीय माडल, क्रियान्वयन संरचना तथा हितधारकों के परामर्श को समाहित कर विस्तृत योजना दस्तावेज तैयार करेगी, जिसे मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन पर किया गहन दुःख व्यक्त

भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडलेवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खंडेलवाल के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए स्व. सुरभि को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस असीम दुःख सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

तोमर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

भोपालः ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार देर रात प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ जिला चिकित्सालय शिवपुरी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके साथ आए परिजनों से चर्चा कर उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान जहां भी व्यवस्थागत कमियां पाईं, उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

महू में महिला आईएएस अधिकारी के फार्म हाउस पर पुलिस का छापा

18 जुआरी गिरफ्तार, 13.67 लाख नकद सहित 28 लाख की संपत्ति जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इंदौर जिले के महू के मानपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फार्म हाउस में चल रहे जुए के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया।

यह फार्म हाउस ग्राम अवलीपुरा स्थित 'कोठी निवास' बताया जा रहा है, जो एक महिला आईएएस अधिकारी वंदना वैद्य और उनके पति अंबरीश वैद्य के नाम पर दर्ज बताया गया है।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान मौके से 18 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि पांच आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। मानपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवलीपुरा स्थित फार्म हाउस में देर रात बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। फार्म हाउस का मुख्य गेट बाहर से बंद था, लेकिन अंदर लोगों की आवाजें सुनाई देने पर पुलिस पीछे के रास्ते से अंदर पहुंची। बरामदे में कई लोग ताश के पत्तों पर लाखों रुपये का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख 67 हजार 971 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, 10 नई ताश की गड्डियां, 30 मोबाइल फोन और दो कारें जब्त की हैं।

जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 28 लाख 67 हजार 971 रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार जुए के इस नेटवर्क का मुख्य सरगना जगदीश राठौर उर्फ 'कूबड़ा' बताया जा रहा है, जो अलग-अलग स्थानों पर जुए के अड्डे संचालित करता है। पुलिस फार्म हाउस मालिकों की भूमिका की भी जांच कर रही है। मामले में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

मुगलिया हाट सरपंच धर्मेन्द्र मारण राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः राजधानी की ग्राम पंचायत मुगलिया हाट के सरपंच धर्मेन्द्र मारण को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के सफल क्रियान्वयन, बेहतर संचालन और संधारण में उत्कृष्ट कार्य के लिए नई दिल्ली में 'उत्कृष्ट जल नेतृत्व सरपंच सम्मान' से सम्मानित किया गया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

समारोह में सरपंच मारण के नेतृत्व में नल जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सुव्यवस्थित संचालन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना की गई। इस उपलब्धि पर उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के साथ योजनाओं के प्रभावी संचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुगलिया हाट के सरपंच को मिला यह सम्मान पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है और अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा बनेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने भी ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में नल जल योजनाओं के संचालन और संधारण में ग्राम पंचायतों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय और रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक केके मीणा सहित विभिन्न राज्यों से आए जनप्रतिनिधि और महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।

एलपीजी उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होने देंगे : राजपूत

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश में एलपीजी उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी न होने दें। श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण आयात में कुछ बाधाएं आई हैं, जिसे देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में ऑयल कंपनियों ने वितरण प्रणाली में कुछ बदलाव किए हैं। अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही एलपीजी रिफिल की बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इसका उद्देश्य कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी को रोकना तथा उपभोक्ताओं को नियमित और समान रूप से गैस उपलब्ध कराना है।

श्री राजपूत ने बताया कि वर्तमान में चिकित्सालयों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं, जैसे होटल, मॉल, औद्योगिक इकाइयों और फैक्ट्रियों को कॉमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति अस्थायी रूप से सीमित की गई है। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे खाद्य विभाग, ऑयल कंपनियों और एलपीजी वितरकों के साथ नियमित बैठक कर गैस की उपलब्धता की समीक्षा करें तथा बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को वैकल्पिक ईंधन स्रोत अपनाने के लिए भी प्रेरित करें।

रचना टॉवर परिसर का होगा सौंदर्यीकरणः सारंग

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित रचना टॉवर परिसर का दौरा कर क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। नागरिकों ने क्षेत्र में बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं और सौंदर्यीकरण की मांग रखी। इसे ध्यान में रखते हुए श्री सारंग ने अधिकारियों को रचना टॉवर के सामने स्थित पेविंग क्षेत्र के पास सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्थान को व्यवस्थित और आकर्षक रूप देने के लिए यहां पार्क विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

श्री सारंग ने पार्क के साथ ओपन जिम स्थापित करने के भी निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी को देखते हुए इस तरह की सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। क्षेत्र में बेहतर रोशनी की व्यवस्था के लिए उन्होंने रचना टॉवर के सामने पोल लाइट लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि सौंदर्यीकरण से संबंधित विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की सुपुत्री सुश्री सुरभि के निधन पर शोक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खण्डेलवाल का बुधवार को दुखद निधन हो गया। वे एक स्पेशल चाइल्ड थीं और लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। अंतिम यात्रा निज निवास बैतूल गंज से प्रारंभ होकर कोठी बाजार स्थित मोक्षधाम में विधि-विधान से संपन्न हुई।

सुश्री सुरभि के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

अंतिम संस्कार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुयश त्यागी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार और छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और हेमंत खण्डेलवाल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

राज्यपाल आज झाबुआ में

नप्र, भोपालः राज्यपाल मंगूभाई पटेल गुरुवार 12 मार्च को झाबुआ जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल, जनजातीय समुदाय में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके समय पर परीक्षण और उपचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे, इसके साथ ही वे राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के तत्वावधान में आयोजित कृषि उपकरण एवं बीज का वितरण कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री पटेल दोपहर लगभग 02:10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा गोपालपुरा एयरस्ट्रिप, झाबुआ पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे कृषि विज्ञान केंद्र झाबुआ पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 3:45 बजे कृषि विज्ञान केंद्र से प्रस्थान कर गोपालपुरा एयरस्ट्रिप पहुंचेंगे तथा वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर के लिए रवाना होंगे।

छत्रपति संभाजी महाराज का पुण्य स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर उनका पुण्य स्मरण कर कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम की गौरव गाथा सदैव देशवासियों को गौरवान्वित करती रहेगी।

जल संसाधन विभाग की टेंडर प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

फर्जी बैंक गारंटी और ठेकेदारी नेटवर्क के आरोप, जांच की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जल संसाधन विभाग की टेंडर प्रक्रिया, सिंचाई परियोजनाओं और कथित फर्जी बैंक गारंटी के मुद्दे पर राज्य सरकार से कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष को 'कृषि वर्ष' घोषित किया है, लेकिन प्रदेश में कई सिंचाई परियोजनाएं ठप पड़ी हैं और किसान पानी के लिए परेशान हैं।

श्री पटवारी ने कहा कि सरकार लगातार कर्ज ले रही है और हाल ही में करीब 5800 करोड़ रुपये का नया कर्ज लिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है, इसकी स्पष्ट जानकारी जनता के सामने आनी चाहिए। टेंडर प्रक्रिया को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग में कुछ सीमित कंपनियों का दबदबा दिखाई देता है। कई बड़े टेंडरों में बार-बार वही कंपनियां एल-1, एल-2 और एल-3 के रूप में सामने आती हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कुछ व्यक्तियों की भूमिका पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि वे सरकारी अधिकारी नहीं होने के बावजूद विभागीय गतिविधियों में चर्चा में रहते हैं, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस ने जल संसाधन विभाग में फर्जी बैंक गारंटी के मामलों की भी जांच की मांग की। पटवारी ने कहा कि दिसंबर 2024 में ई-बैंक गारंटी प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन इसे अभी तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कुछ सिंचाई परियोजनाओं में तकनीकी अनियमितताओं के आरोपों का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि सस्ती सामग्री का उपयोग कर महंगी सामग्री का भुगतान किया गया है तो इसकी तकनीकी और वित्तीय जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने सभी बैंक गारंटियों की जांच, टेंडरों की न्यायिक जांच और भुगतानों के स्वतंत्र ऑडिट की मांग की है।



मंत्रालय की गुफ्तगु...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

• अब तो सुन लो सरकार...

मंत्रालय में लंबे समय से जमे एक वरिष्ठ नौकरशाह इन दिनों 'फुल फ्लैश पावर' में आने के इंतजार में हैं। इंतजार भी ऐसा कि मानो समय ही ठहर गया हो। किस्मत ने भी ऐसा खेल खेला कि जब तक पूरी ताकत वाली कुर्सी मिले, तब तक बस इंतजार ही नसीब हुआ। पिछले दिनों एक साहब अवकाश पर गए तो इन्हें प्रभार का मौका मिल गया। सोचा था अब काम दिखाने का वक्त आ गया, लेकिन कुर्सी संभालने से पहले ही क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की समस्याएं सामने आ खड़ी हुईं। हर कोई यही कह रहा था—साहब, मौका मिला है तो अब हमारी भी सुन लो सरकार। हालांकि साहब भी जानते हैं कि काम सिस्टम से होता है, किसी के सीधे हस्तक्षेप से नहीं। यही वजह है कि प्रभार मिलने के बावजूद साहब फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि काम दिखाने के चक्कर में कोई गलती ही भारी पड़ जाए।

• मौका मिलेगा तो दिखा देंगे...

डॉ. मोहन यादव सरकार में लंबे समय से कई जिलों में कलेक्टर और संभागों में कमिश्नर रह चुके कुछ नौकरशाह इन दिनों प्रमोशन के बाद तबादले की उम्मीद में बैठे हैं। पहले कहा गया नया साल आएगा तो मौका मिलेगा, फिर विधानसभा सत्र के बाद की चर्चा चली, अब उम्मीद होली के बाद तक टिकी है। इंतजार की इस लंबी कहानी में कुछ साहब सीधे तो नहीं, लेकिन माध्यमों से यह संदेश जरूर पहुंचा रहे हैं कि मौका मिला तो दिखा देंगे कि हममें कितना दम है। दरअसल कई नौकरशाह लंबे समय से कलेक्टरी की बाट जोह रहे हैं और अब उनके मन में वही पुराना गीत गूंज रहा है—बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते, इंतहा हो गई इंतजार की।

• हम सरकार के निर्देश मानते हैं...

मालवा क्षेत्र के एक जिले में इन दिनों एक युवा अधिकारी चर्चा में हैं। वजह है स्थानीय माननीयों का दबाव और उनका सीधा जवाब। आम तौर पर ऐसे मामलों को जिले स्तर पर ही सुलझा लिया जाता है, लेकिन इस बार एक प्रभारी माननीय ने कुछ ज्यादा ही जोर लगाया और साफ कह दिया—हमारी तो आपको सुननी ही पड़ेगी। युवा अधिकारी भी कम नहीं निकले। बड़ी शालीनता से जवाब दिया कि हम सरकार के निर्देशों का पालन करते हैं, किसी के व्यक्तिगत निर्देशों का नहीं। जनहित में जो संभव होगा वही करेंगे। बाकी आपको जहां भी शिकायत करनी हो, कर दीजिए। अब यह जवाब सुनकर माननीय कितने संतुष्ट हुए, यह अलग बात है, लेकिन जिले में चर्चा जरूर खूब हो रही है।

• भारी पड़ेगी नाफरमानी...

महाकौशल क्षेत्र के संभागीय स्तर के एक बड़े अधिकारी इन दिनों सफाई देते फिर रहे हैं। वजह है प्रदेश के मुखिया का हालिया दौरा कार्यक्रम। स्थानीय माननीयों की इच्छा थी कि मुख्यमंत्री के साथ उनके नाम भी बड़े-बड़े होर्डिंग में चमकें। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन साफ कहती है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के अलावा बाकी नाम शासकीय खर्च से प्रचार में नहीं आएंगे। अधिकारी यही नियम समझाते रहे, लेकिन स्थानीय दबाव भी कम नहीं था। कार्यक्रम हुआ, होर्डिंग लगे, प्रचार भी हुआ, लेकिन अब कार्यक्रम खत्म होते ही साहब को धमकियां मिल रही हैं कि नाफरमानी भारी पड़ेगी। साहब हर जगह यही सफाई दे रहे हैं कि उन्होंने तो माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन किया है, किसी से कोई निजी बैर नहीं। अब सबकी नजर आने वाली तबादला सूची पर है—देखना है नियम भारी पड़ते हैं या नाफरमानी।

• सफाई देना भारी पड़ गया...

एक महत्वपूर्ण महकमे के मुखिया नौकरशाह इन दिनों मुश्किल में हैं। विभाग को लेकर लगातार गंभीर शिकायतें मंत्री से लेकर शीर्ष स्तर तक पहुंच रही हैं और संगठन से लेकर नौकरशाही के गलियारों में भी खूब चर्चा है। इसी बीच प्रदेश के नौकरशाही मुखिया ने हाल ही में प्रशासन की चुस्ती और जीरो टॉलरेंस की बात सार्वजनिक मंच से कही। साहब ने सोचा कि इससे पहले कोई और कहानी बने, खुद ही जाकर अपनी सफाई दे दी जाए। लेकिन यह दांव उल्टा पड़ गया। बड़े साहब के यहां सफाई देने पहुंचे थे, लौटे चेतावनी के साथ। अब चेहरे पर मायूसी और मन में उलझन है कि आखिर करें तो क्या करें। क्योंकि विभाग भी महत्वपूर्ण है और उसमें चल रहे कामों से अकेले साहब ही नहीं, कई लोगों का बारह न्यारा हो रहा है।

• इश्क और जंग में सब जायज है...

एक युवा अधिकारी इन दिनों अपने काम से ज्यादा दिल के मामले को लेकर चर्चा में हैं। काम करने का जोश भी है और दिल भी कुछ ज्यादा ही रंगीन है। ट्रेनिंग के दिनों में किसी से दिल लगा था और एक समय ऐसा भी था जब दोनों एक ही जिले में पदस्थ थे। लेकिन अब किस्मत ने दोनों को लगभग 500 किलोमीटर दूर अलग-अलग जिलों में भेज दिया है। दूरी बढ़ी, मगर दिल की बेचैनी कम नहीं हुई। साहब किसी न किसी बहाने काम से समय निकाल ही लेते हैं और जहां दिल को सुकून मिलता है, वहां पहुंच जाते हैं। ऊपरखान से लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश भी की, लेकिन दिल है कि मानता नहीं। साहब का मानना है कि जब इश्क सच्चा हो तो 500 किलोमीटर क्या, 5000 किलोमीटर भी ज्यादा नहीं होते।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com